मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के संस्कृत विभाग द्वारा 'हरित योगा' के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली, 20 जून 2025

दिनांक 19 जून 2025 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के संस्कृत विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरित योगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विभागीय परिसर में शाम 4 बजे आरंभ हुआ और इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

इस अवसर पर मानविकी एवं भाषा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. इक्तेदार मोहम्मद खान ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। साथ ही संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश नारायण, विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. धनंजय मणि त्रिपाठी (सपरिवार), अन्य शिक्षकगण, विभागीय कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आम और जामुन जैसे फलदार पौधों का वृक्षारोपण विभाग के भवन के सामने किया गया। इसके अतिरिक्त, विभागीय कोरिडोर को भी हरियाली से सजाने हेतु गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। यह पहल जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रोफेसर मज़हर आसिफ़ के उस निर्देश के अनुरूप की गई जिसमें प्रत्येक विभाग के समक्ष हरित और फलदार पौधों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह योग के मूल संदेश— शरीर, मन और प्रकृति के बीच सामंजस्य— को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हरित योगा के अंतर्गत इस वृक्षारोपण गतिविधि ने प्रतिभागियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हुए, उन्हें सतत विकास और हरित पर्यावरण के संबंध में प्रेरित किया।

अंत में संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश नारायण ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि हरित योगा के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

दीन दयाल उपाध्याय कौशल
DEEN DAYAL UPADHYAY KAUSHAL
संस्कृत-विभागः